85 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी मेट्रो 3

रूट का पहला चरण दिसंबर तक होगा शुरू

मुंबई(यशोडेस्क), आरे से कफ परेड तक मेट्रो 3 लाइन के लिए आठ ट्रेनें आरे के कारशेड में प्रवेश कर चुकी हैं। ये मेट्रो ट्रेनें 85 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से 16 किमी. की दूरी तय करने के लिए तैयार हैं। इस रूट का पहला चरण दिसंबर तक शुरू होना है और एक और ट्रेन का इंतजार है।

आरे से कफ परेड मुंबई के पश्चिमी उपनगरों को जोड़ने वाला उत्तर-दक्षिण मेट्रो मार्ग है। इस मार्ग की कुल लंबाई 33 किमी. है। इस मार्ग पर 26 भूमिगत स्टेशन है। मार्ग का पहला चरण आरे से बीकेसी तक लगभग 16 किमी. लंबा होगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पहले ही दिसंबर 2023 तक पहला चरण शुरू करने की घोषणा कर चुके हैं। इसके लिए इस रूट को बनाने वाली मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक ओर जहां एमएमआरसी के उच्च अधिकारियों ने तुरंत प्रोजेक्ट का निरीक्षण दौरा शुरू कर दिया, वहीं दूसरी ओर अब मेट्रो के लिए कोच और ट्रेनों को आरे स्थित कार शेड में खड़ा करना शुरू कर दिया गया है। उनमें से आठ आरे में तैयार हैं। इन ट्रेनों की अधिकतम गति 95 किमी. प्रति घंटा है और इस गति का परीक्षण पहले ही पूरा हो चुका है। लेकिन वास्तविक सेवा शुरू होने के बाद गति सीमा 85 किमी प्रति घंटा तय की गई है। उन्नत प्रणालियों से सुसज्जित ये कोच न्यूनतम बिजली पर अधिकतम क्षमता से चलते हैं। ये कोच और ट्रेनें अब परीक्षण के लिए तैयार हैं। दिसंबर तक आरे-बीकेसी रूट शुरू करने की योजना है।

मेट्रो 3 रूट की विशेषताएं

- **प्रदेश की पहली भूमिगत मेट्रो**
- **कुल लागत: 33 हजार करोड़ रुपए**
- **कुल स्टेशन : 27**
- **प्रथम चरण में स्टेशन: 10**
- **पहले चरण की स्थिति : 95 फीसदी पूरा, सिस्टम का काम 70 फीसदी पूरा**
- **पूरे रूट का भूमिगत काम 100 प्रतिशत पूरा हो चुका है**
- **कोच के निर्माता: अलस्टॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड**
- **कुल कोच : 248**
- **कुल ट्रेनें : 31**